झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् राँची, झारखण्ड

प्रथम सावधिक परीक्षा 2021-22

मॉडल प्रश्न पत्र सेट 1

कक्षा- 11	विषय- भूगोल	समय- 1 घंटा 30 मिनट	पूर्णांक- 40

सामान्य निर्देश:-

- **कुल 40 प्रश्न हैं।**
- **सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं।**
- **प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है।**
- **प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प का चयन कीजिए।**
- **गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटे जाएँगे।**

1. पृथ्वी का आकार का संबंध निम्नलिखित में से किससे है ?

(क) भू–आभ (ख) नास्पाती

(ख) नारंगी (घ) सेव

2. ''भूगोल का उद्देश्य'' धरातल की प्रादेशिक या क्षेत्रिय भिन्नता का वर्णन एवं व्याख्या करना है। यह कथन किसका हैं?

(क) अलफ्रेड हैटनर (ख) रिचर्ड हार्टशोर्न

(ग) हम्बोल्ट (घ) कार्ल रिटर

3. निम्नलिखित में से किस विद्वान ने भूगोल (Geography) शब्द का प्रयोग पहली बार किया था ?

(क) हेरोडेट्स (ख) गैलिलियो

(ग) इरेटास्थनीज (घ) अरस्तु

4. पृथ्वी की उत्पति के संबंध में एक प्रारंभिक एवं लोकप्रिय मत ज्वारीय परिकल्पना किस विद्वान द्वारा दिया गया ?

(क) लाप्लास (ख) चेम्बरलेन और मोल्टन

(ग) इमैनुअल कान्ट (घ) जेम्स जींस

5. आधुनिक समय में ब्रह्यांड की उत्पति संबंधी सर्वमान्य सिद्धांत निम्नलिखित में से कौन है ?

(क) निहारिका परिकल्पना (ख) द्वैतारक सिद्धांत

(ग) स्थिर अवस्था संकल्पना (घ) बिग बैंग सिद्धांत

6. प्रकाश वर्ष क्या मापने की इकाई हैं ?

(क) खगोलिय दूरी (ख) स्थल पर दूरी

(ग) समय मापने की (घ) प्रकाश की गति

7. वर्तमान में सौरमंडल में कितने ग्रह है ?

(क) 6 (ख) 8

(ग) 10 (घ) 12

8. भूतल पर वह बिंदु जो भूकम्प के उद्‌गम केन्द्र के समीपतम होता है ?

(क) भूकंपीय केंन्द्र (ख) अधिकेंन्द्र

(ग) अभिलेखीय केंन्द्र (घ) भूकंपीय उद्‌गम केंन्द्र

9. सूनामी से सर्वाधिक क्षति किस क्षेत्र में होती है ?

(क) समुद्र तटीय भाग (ख) समुद्र के आन्तरिक भाग

(ग) स्थल के आन्तरिक भाग (घ) पर्वतीय भाग

10. भू–पृष्ठ में सर्वाधिक मात्रा में कौन–सा तत्व पाया जाता है ?

(क) निकेल (ख) लोहा

(ग) ऑक्सीजन (घ) नाइट्रोजन

11. निम्नलिखित में से कौन भू–गर्म की जानकारी का प्रत्यक्ष साधन हैं ?

(क) भूकपीय तरंगे (ख) गुरुत्वाकर्षण बल

(ख) ज्वालामुखी (घ) पृथ्वी का चुंबकत्व

12. महाद्वीपिय विस्थापन सिद्धांत 1912 में किसने प्रस्तावित किया था ?

(क) अल्फ्रेड वेगनर (ख) मॉरगन

(ग) हैरी–हेस (घ) बुलार्ड

13. निम्नलिखि में कौन सक्रिय ज्वालामुखी के उदाहरण हैं !

(क) विषुवियस (ख) फ्यूजीयामा

(ग) क्राकोटोवा (घ) एटना

14. रिंग ऑफ फायर किस महासागर में स्थित हैं ?

(क) हिन्दमहासागर (ख) उत्तरी अटलांटिक महासागर

(ग) दक्षिणी अटलांटिक महासागर (घ) प्रशान्त महासागर

15. प्लेट विवर्तनिकी सिद्धांत के अनुसार पृथ्वी का स्थल भाग मुख्यतः कितने प्लेटों में विभक्त है ?

(क) 5 (ख) 6

(ग) 7 (घ) 8

16. हिमालय पर्वत की उत्पति किस सागर से हुई है ?

(क) काला सागर (ख) एजियन सागर

(ग) टेथिस सागर (घ) पीला सागर

17. चूना पत्थर किस प्रकार के चट्टान का उदाहरण है ?

(क) आग्नेय चट्टान (ख) अवसादी चट्टान

(ग) रूपान्तरित चट्टान (घ) इनमें से कोई नही।

18. खनिज तेल मुख्यतः किस प्रकार के चट्‌ान में पाया जाता है ?

(क) आग्नेय सैल (ख) अवसादी सैल

(ग) कायांतरित सैल (घ) इनमें से कोई नही।

19. भूस्खलन सामान्यतः किस क्षेत्र में देखने को मिलता है ?

(क) पर्वतीय क्षेत्र (ख) मैदानी क्षेत्र

(ग) पठारी क्षेत्र (घ) मरुस्थलीय क्षेत्र

20. निम्नलिखित में से कौन–सी एक अनुक्रमिक प्रक्रिया है ?

(क) निक्षेप (ख) ज्वालामुखीयता

(ग) पटल विरूपण (घ) अपरदन

21. वायुमंडल के कुल द्रव्यमान का 99 प्रतिशत गैस पृथ्वी की सतह से कितने कि0 मी0 ऊँचाई तक स्थित है ?

(क) 16 कि0मी0 (ख) 32 कि0मी0

(ग) 64 कि0मी0 (घ) 120 कि0मी0

22. वायुयान सामान्यतः किस मंडल से गमन करती है ?

(क) क्षोभ मंडल (ख) समताप मंडल

(ग) मध्य मंडल (घ) बाह्य मंडल

23. क्षोम मंडल में धरातल से कितनी ऊँचाई पर 1 डिग्री सेंटीग्रेड तापमान में गिरावट आती है ?

(क) 100 मीटर (ख) 135 मीटर

(ग) 165 मीटर (घ) 185 मीटर

24. निम्नलिखित में से कौन गैस वायुमंडल में सबसे अधिक मात्रा में मौजूद है ?

(क) ऑक्सीजन (ख) नाइट्रोजन

(ख) आर्गन (घ) कार्बनडाईऑक्साइड

25. वह वायुमंडलीय परत जो मानव जीवन के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण है !

(क) समताप मंडल (ख) क्षोभ मंडल

(ग) मध्य मंडल (घ) आयन मंडल

26. किस मंडल में सभी मौसमी क्रियाएँ घटित होती है ?

(क) क्षोभ मंडल (ख) समताप मंडल

(ग) मध्य मंडल (घ) बाह्य मंडल

27. किस मंडल रेडियों तरंगें वापस लौटाती है ?

(क) क्षोभ मंडल (ख) समताप मंडल

(ग) मध्य मंडल (घ) बाह्य मंडल

28. वायुमंडल में मौजूद जलवाष्प की वास्तविक मात्रा को क्या कहा जाता है ?

(क) सापेक्ष आर्द्रता (ख) निरपेक्ष आर्द्रता

(ग) प्रतिदर्श आर्द्रता (घ) संतृप्त आर्द्रता

29. धूम कोहरा सामान्यतः कहाँ बनता है ?

(क) पर्वतीय क्षेत्र में (ख) मैदानी क्षेत्र में

(ग) पठारी क्षेत्र में (घ) औद्योगिक क्षेत्र में

30. इनमें कौन–सा बादल सबसे अधिक ऊँचाई पर बनती है ?

(क) पक्षाभ बादल (ख) कपासी बादल

(ग) स्तरी बादल (घ) वर्षा बादल

31. संवहनीय वर्षा मुख्यतः किस क्षेत्र में होती है ?

(क) ध्रुवीय क्षेत्र (ख) भूमध्य सागरीय क्षेत्र

(ग) विषुवतीय क्षेत्र (घ) मौनसूनी क्षेत्र

32. मानव के लिए वायुमंडल का सबसे महत्वपूर्ण घटक निम्नलिखित में से कौन–सा है ?

(क) जलवाष्प (ख) धूलकण

(ग) नाइट्रोजन (घ) ऑक्सीजन

33. निम्नलिखित में से वह प्रक्रिया कौन–सी है ? जिसके द्वारा जल द्रव से गैस में बदल जाता है!

(क) संघनन (ख) वाष्पीकरण

(ग) वाष्पोत्सर्जन (घ) अवक्षेपण

34. चक्रवातीय वर्षा सामान्यतः किन क्षेत्रों में अधिक होती है ?

(क) पर्वतीय क्षेत्र (ख) मरुस्थलीय क्षेत्र

(ग) मैदानी क्षेत्र (घ) तटीय क्षेत्र

35. भूमध्यसागरीय वर्षा सामान्यतः होती है !

(क) विषुवत रेखा से 10° डिग्री उत्तर तथा दक्षिण

(ख) 10° से 20° डिग्री उत्तरी तथा दक्षिणी अक्षांशो के बीच

(ग) 30° से 45° डिग्री उत्तरी तथा दक्षिणी अक्षांशो के बीच

(घ) 60° से 75° डिग्री उत्तरी तथा दक्षिणी अक्षांशो के बीच

36. जब जलवाष्प सीधे ठोस रूप में परिवर्तित होते हैं तो उसे कहते है ?

(क) ऊर्ध्वापातन (ख) वाष्पीकरण

(ग) संघनन (घ) विखण्डन

37. जैव–विविधता का संरक्षण निम्न में किसके लिए महत्वपूर्ण हैं ?

(क) जंतु (ख) पौधे

(ग) पौधे और प्राणी (घ) सभी जीवधारी

38. भारत में वन्य जीव सुरक्षा अधिनियम कब पारित किया गया था ?

(क) 1962 ई0 (ख) 1972 ई0

(ग) 1989 ई0 (ख)1992 ई0

39. जिन क्षेत्रों में प्रजातीय विविधता अधिक होती है, उस विविधता वाले क्षेत्र को क्या कहते हैं ?

(क) नेशनल पार्क (ख) राष्ट्रीय अभ्यारण

(ग) हॉट–स्पॉट (घ) राष्ट्रीय उद्यान

40. रियो–डी–जेनेरियो पृथ्वी सम्मेलन कब हुआ था ?

(क) 1989 ई0 में (ख) 1992 ई0 में

(ग) 2002 ई0 में (घ) 2010 ई0 में